आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार– 18.04.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों के लिए कल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा मतदान।
- राज्य के 83 लाख 37 हजार 914 मतदाता, 55 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।
- निर्वाचन आयोग ने विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य और लोक निर्माण विभाग से जुड़े कार्मिकों को मतदान के दिन सतर्क रहने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में पोलिंग पार्टियों का अपने तय गंतव्यों तक पहुंचने का सिलसिला जारी।

चुनाव तैयारी

प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों के लिए कल सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होने वाले मतदान संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कल राज्य के 11 हजार 723 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। गढ़वाल, टिहरी, अल्मोड़ा, नैनीताल–ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार लोकसभा क्षेत्रों से कुल 55 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, उत्तराखंड क्रांति दल और बहुजन समाज पार्टी के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं। प्रदेश में कुल 83 लाख 37 हजार 914 मतदाताओं के हाथ में इन 55 प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला है। इनमें 43 लाख 17 हजार 579 पुरूष और 40 लाख 20 हजार 38 महिला और 297 थर्ड जेंडर वोटर हैं। जबकि 1 लाख 48 हजार 90 मतदाता 18 से 19 वर्ष की आयुवर्ग के हैं, जो पहली बार वोट डालेंगे। वहीं, 85 साल से अधिक उम्र के 65 हजार 160 मतदाता हैं। देहरादून जिले में सर्वाधिक 15 लाख 56 हजार 910 और रूद्रप्रयाग जिले में सबसे कम 1 लाख 95 हजार 623 मतदाता हैं।

मतदान तैयारियां पूरी–1

वहीं, प्रदेश में कल होने वाले मतदान को सकुशल और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए चुनाव से जुड़े कार्मिकों, पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से लगी सीमाओं पर सी.सी.टी.वी. कैमरों से नजर रखी जा रही है। साथ ही सघन चैकिंग भी शुरू कर दी गई है। आपात स्थिति में कर्मचारियों को लाने के लिए दो हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने बताया कि मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।
इस बीच, आज लगभग 11 हजार से ज्यादा पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य को रवाना हो गई। मतदान के लिए राज्य को कुल 274 जोन और 1 हजार 499 सेक्टर में बांटा गया है। 5 हजार 892 केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, जिसे जिलों के अलावा राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम में भी देखा और सुना जा सकेगा। राज्य में 809 बूथ अति संवेदनशील और 1 हजार 365 बूथ संवेदनशील घोषित किए गए हैं। इन पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके अलावा राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए 15 हजार ईवीएम और वीवीपैट लगाई गई हैं। डॉक्टर पुरुषोत्तम ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने से नब्बे मिनट पहले मॉक पोल किया जाएगा।

मतदान तैयारियां पूरी–2

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में शुक्रवार को मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। शाम पांच बजे तक जो मतदाता मतदेय स्थल के भीतर प्रविष्ट हो पहुंचेंगे, वह वोट डाल सकेंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों से बढ़–चढ़ कर वोट डालने की अपील की है। इस बीच, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आज सचिवालय में राज्य स्तरीय एकीकृत निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वेबकास्टिंग सहित निर्वाचन ड्यूटी में लगे वाहनों में लगे जीपीएस सिस्टम से लोकेशन का जायजा लिया।

मतदान निर्देश

प्रदेश में विद्युत विभाग, पेयजल, स्वास्थ्य और लोक निर्माण विभाग से जुड़े कार्मिकों को कल मतदान के दिन सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी.बी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने आज सचिवालय में आवश्यक सेवा से जुड़े सभी विभागों और एजेंसियों के साथ बैठक की। उन्होंने राज्य के सभी अस्पतालों में मेडिकल स्टाफ को अनिवार्य रूप से उपस्थिति रहने के साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर बिजली और पेयजल अपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को मतदान पार्टियों के गंतव्यों तक सुरक्षित वापसी होने तक सभी राजमार्गों, सड़कों, संपर्क मार्गों पर भूस्खलन या अन्य किसी भी बाधा के दृष्टिगत अलर्ट मोड पर रहने के भी निर्देश दिए हैं।

अपील

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कल लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण से पहले मतदाताओं से अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी के निर्वहन की अपील करते हुए कहा है कि यह चुनाव उनका है और उन्हें अपनी पसंद का विकल्प चुनना है। श्री कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि देशवासियों को एक वोट की कीमत को कभी भी कम नहीं आंकना चाहिए क्योंकि कई बार बेहद कडे मुकाबले में एक वोट बहुत महत्वपूर्ण साबित होता है। उन्होंने कहा कि लोगों की सक्रिय भागीदारी की बदौलत ही देश में नियमित रूप से सुचारू ढंग से चुनाव संपन्न हो रहे हैं।

पोलिंग पार्टी

इधर, प्रदेश में कल होने वाले मतदान के लिए सभी जिलों में बनाए गए पोलिंग बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई हैं। सभी पोलिंग पार्टियां आज रात तक अपने गंतव्यों तक पहुंच जाएगीं। पोलिंग पार्टियों द्वारा अपने प्रस्थान की सूचना पीडीएमएस पोर्टल पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मतदान वैध दस्तावेज सूची

लोकसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए वोटर आई.डी के अतिरिक्त 12 अन्य दस्तावेजों का प्रयोग भी किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग द्वारा बताया गया है कि मतदान के लिए मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, बैंक अथवा डाक कार्यालय द्वारा फोटोयुक्त पासबुक, फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र और फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज का प्रयोग किया जा सकता है। साथ ही आयोग ने कहा है कि श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, विशिष्ठ विकलांगता आई.डी कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड और सांसदो, विधायकों व एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र को भी मतदान के वक्त, प्रमाणित दस्तावेज के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

नदी स्वच्छता अभियान

ऊधमसिंह नगर जिले में रुद्रपुर शहर की जीवनदायिनी कही जाने वाली कल्याणी नदी पूरी तरह से प्रदूषित हो चुकी है। कल्याणी नदी के अस्तित्व को फिर से वापस लाने के लिए एक सामाजिक संस्था और नगर निगम ने नदी स्वच्छता समिति का गठन किया है, जो नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने का काम कर रहे हैं। टांडा जंगल से ट्रांजिट कैंप और रम्पुरा मलिन बस्ती से होते हुए उत्तर प्रदेश को जाने वाली इस नदी का क्षेत्रफल अतिक्रमण के कारण सिकुड़ कर नाले में तब्दील हो गया है। वर्ष 2021 में इस नदी पर सफाई अभियान शुरू किया गया था। नदी के काफी हिस्से में स्थिति पहले से बेहतर हो गई है। कुछ जगहों पर कल्याणी वाटिका भी बनाई गई है। निजी संस्था से जुड़ी गौरी गगनेजा का कहना है कि नदी को फिर उसके मूल स्वरूप में लौटाने के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।